PROSPECTUS

राजस्थान सरकार से स्थायी मान्यता प्राप्त

# सीमा मेमोरियल महाविद्यालय

( महर्षि दयानन्द सरस्वती विवि अजमेर से सम्बद्ध )

## सहशैक्षणिक महाविद्यालय


हरसौर रोड़, परबतसर- 341512

**Mob. No.: 9828591138, 9256591138**

**E-mail: smcpbc2020@gmail.com**




## A Co- Education College

# महाविद्यालय का परिचय



## कु. सीमा गुडेसर की याद में

जन्मतिथि- 15 दिसम्बर 1983

देवलोकगमन- 11 नवम्बर- 2002

## सीमा मेमोरियल महाविद्यालय

स्थापना वर्ष-2005

प्रिय विद्यार्थियों व अभिभावकगण,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि परबतसर नगर में " सीमा मेमोरियल महाविद्यालय" ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 17 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर नगर ही नही अपितु आसपास के समस्त क्षेत्र में स्पष्ट छवि के साथ अपने आप को स्थापित किया है। इस सफलता के में आप सभी के द्वारा किये गये भरपूर सहयोग के लिए आप सभी का धन्यवाद। इस महाविद्यालय का प्रबंधन शिक्षा क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए कटिबद्ध है तथा इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा की कमी को दूर करने हेतु सतत् रूप से प्रयासरत है। इस महाविद्यालय में विद्यार्थी पिछले 18 वर्षो से उत्कृष्ठ शैक्षणिक वातावरण में रहते हुए उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने सपनों को साकार करने में लगन से अध्ययनरत् है। इस महाविद्यालय में आपको सही मार्गदर्शन मिले तथा आपका सर्वागीण विकास हो यही हमारा उद्देश्य है। इस हेतु आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप महाविद्यालय में अनुशासित एवं कर्तव्य-परायणता के साथ अपने लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सतत् रूप से अध्ययनरत् रहेंगें।

आप के भावी जीवन की सफलता हेतु शुभकामनाओं के साथ शिक्षा व रोजगार को समर्पित संस्थान...

## !! सीमा मेमोरियल महाविद्यालय !!

# संदेश

प्रिय विद्यार्थियों,



परबतसर क्षेत्र में शिक्षा की असीमित सम्भावनाओं को देखते हुए ''सीमा मेमोरियल महाविद्यालय'' की स्थापना कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़े आयाम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। मैं स्वयं व्यक्तिगत स्तर पर जान पाया हूं कि आज के युग में उच्च शिक्षा का अपना अलग महत्व है। यह महाविद्यालय आपको उच्च शिक्षा के माध्यम से रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध करवाते हुए राष्ट्र के कर्मठ नागरिक निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस महाविद्यालय में रहते हुए एक आदर्श विद्यार्थी एवं नागरिक की छवि बनाएं। आप अध्ययन के साथ-साथ महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रत्येक पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लेकर अपनी सम्पूर्ण प्रतिभा से समाज को आलोकित करे। मेरी आपसे अपेक्षा है कि आप आदर्श गुरु-शिष्य परम्परा का निर्वहन करते हुए आप स्वयं के जीवन एवं देश के अन्य नागरिकों के जीवन को सुखमय बनाने के लिए अपना उत्कृष्ठ योगदान देगें।

इसी आशा के साथ......................

डॉ. भजन लाल रोलन<br>
चेयरमेन<br>
सीमा मेमोरियल महाविद्यालय,<br>
परबतसर

प्रिय विद्यार्थियों,



आज के मल्टीमिडिया एवं यांत्रिक जगत में शिक्षा की उपयोगिता बढ़ गई है। आप द्वारा प्राप्त शिक्षा एक आइना है, जिसमें समाज का प्रतिबिम्ब परिलक्षित होता है। ऐसे में आवश्यक है विद्यार्थी वर्ग के लिए उच्च शिक्षा का समुचित केन्द्र, जो आपकी परबतसर क्षेत्र में ''सीमा मेमोरियल महाविद्यालय'' के नाम से स्थापित किया है।

इस महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिभा का परिमार्जन करना, अनुकूलन की क्षमता उत्पन्न करना एवं सुसंस्कृत एवं निष्ठावान नागरिक बनने के क्रम में अग्रणी करना है।

आपकी सम्पूर्ण आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए यह महाविद्यालय कटिबद्ध है। सहयोग, आत्मविश्वास और आपसी सम्बल प्रत्येक बाधा को लांघते हुए एक उच्च चरित्र विद्यार्थी को जन्म देगी, जो आपको देश का लाल कहलाने का गौरव प्रदान करेगा।

इन्ही अपेक्षाओं के साथ .....................

अनिमेष रोलन<br>
निदेशक<br>
सीमा मेमोरियल महाविद्यालय,<br>
परबतसर

# विशेष ध्यान देने योग्य आवश्यक निर्देश



कार्यक्रम को सम्बोधित करते संस्था चैयरमैन डॉ. भजन लाल रोलन

## प्रवेश सम्बंधी :

1. महाविद्यालय में निर्धारित सीटें।
2. प्रथम वर्ष कला संकाय में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय से 10+2 में न्यूनतम 45 प्रतिशत और विज्ञान संकाय में विज्ञान संकाय से ही 10+2 में न्यूनतम 47 प्रतिशत अंक आवश्यक है।
3. प्रवेश योग्यता क्रम (मैरिट) से स्थान की उपलब्धता के आधार पर होगा।

## उपस्थिति सम्बंधी निर्देश :

राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय के संदर्भ में ज्ञात हो कि प्रत्येक प्रविष्ट छात्र के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

प्रवेश के समय विद्यार्थी इसे भली-भांति ध्यान में रखे। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता संभव नही है।

# पाठ्यक्रम

## कला संकाय:

**अनिवार्य विषय:** अनिवार्य हिन्दी, अनिवार्य अंग्रेजी

**ऐच्छिक विषय :** हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, संस्कृत, समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, ड्राईंग व पेंटिंग, गृह विज्ञान

(नोट- ड्राईंग व पेंटिंग, गृहविज्ञान और अंग्रेजी साहित्य विषय में न्यूनतम 10 विद्यार्थी होने पर अध्यापन कार्य आरम्भ होगा अन्यथा विद्यार्थी को विषय परिर्वतन करना आवश्यक है।

## विज्ञान संकाय:

**अनिवार्य विषय:** अनिवार्य हिन्दी, अनिवार्य अंग्रेजी

**ऐच्छिक विषय :** रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान

## MA :

भूगोल

इन्तजार करने वाले उतना ही प्राप्त करते है,
जितना कोशिश करने वाले छोड़ जाते है।। -डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम



# शुल्क नियमावली

1. महाविद्यालय में प्रवेश पाने के इच्छुक प्रत्येक विद्यार्थी को नियमानुसार शुल्क जमा कराना आवश्यक है। किसी भी छात्र को शुल्क जमा नहीं कराने पर प्रवेश नहीं मिल सकेगा। शुल्क भुगतान निम्नलिखित तालिका के अनुसार देय होगा।

## शुल्क तालिका :

| संकाय | कला संकाय | विज्ञान संकाय | एम. ए. भूगोल |
|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | 8000/- प्रति वर्ष | 12000/- प्रति वर्ष | 12000/- प्रति वर्ष |
| द्वितीय वर्ष | 8000/- प्रति वर्ष | 12000/- प्रति वर्ष | 12000/- प्रति वर्ष |
| तृतीय वर्ष | 8000/- प्रति वर्ष | 12000/- प्रति वर्ष | |

2. विद्यार्थी ने सत्र में कभी भी प्रवेश लिया हो परन्तु शुल्क सम्पूर्ण सत्र का देय होगा।
3. प्रवेश होने के उपरान्त 100/- रू. नामांकन शुल्क व समस्त वार्षिक शिक्षण शुल्क एक मुश्त जमा कराना होगा।
4. प्रवेश के पश्चात् जमा शुल्क किसी भी स्थिति में नहीं लौटाया जायेगा।
5. विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क संबंधी सूचना महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर लगायी जायेगी। सूचना पट्ट पर अंकित तिथि से पूर्व शुल्क व आवेदन पत्र जमा करवाना होगा, इसमें विद्यार्थी द्वारा त्रुटि करने पर महाविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
6. विद्यार्थी सभी शुल्क कार्यालय में कैशियर के पास नगद/ड्राफ्ट/चालान द्वारा जमा करवाकर आवश्यक रसीद प्राप्त कर लें व उसे सुरक्षित रखें।

# अनुशासन व आचार संहिता

इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अपने आचरण व व्यवहार महाविद्यालय के निर्दिष्ट नियमों के अनुरूप रखना होगा। मार्गदर्शन के लिए आचरण व व्यवहार सम्बंधी कुछ नियम यहां दिए जा रहे है-

1. प्रत्येक विद्यार्थी को नियमानुसार कक्षा में उपस्थित रहना अनिवार्य है।
2. विद्यार्थी की वेशभूषा स्वच्छ व सुचितापूर्ण होनी आवश्यक है।
3. खाली समय में विद्यार्थी वाचनालय का उपयोग करें/ कक्षा में बैठें।
4. व्यर्थ इधर-उधर घूमते रहना, शोर मचाना, कॉलेज प्रांगण अथवा भवन को अस्वच्छ करना, तोड़फोड़ करना आदि नियम विरूद्ध कृत्य दण्डनीय अपराध है।
5. विद्यार्थियों को कक्षा के अलावा सभी प्रकार के उत्सव व समारोह में उपस्थित होना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर उस दिन के लिए अनुपस्थित माना जायेगा।
6. महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मोबाईल लाना वर्जित है। मोबाईल पाये जाने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
7. महाविद्यालय परिसर तम्बाकू निषेध क्षेत्र है। पाये जाने पर विद्यार्थी को दण्डित किया जायेगा।

# पाठ्यक्रम में प्रवेश सम्बन्धी नियम

1. महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में ही आवेदन किया जाना है।
2. आवेदन पत्र की पूर्ति कर अंतिम तिथि तक महाविद्यालय के कार्यालय में जमा कराये।
3. आवेदन पत्र के साथ संलग्नक- ( नवीन प्रवेशार्थी हेतु )
   1. मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र ( टी.सी. ), मूल चरित्र प्रमाण पत्र ( सी.सी. )
   2. 10 वीं अंकतालिका की फोटो प्रति।
   3. 12 वीं मूल अंकतालिका व 2 फोटो प्रति।
   4. मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र ( लागु हो तो )
   5. पासपोर्ट साईज फोटो।
   6. मूल निवास सम्बंधी प्रमाण पत्र प्रति।
   7. जाति प्रमाण पत्र की प्रति।
   8. आधार कार्ड की प्रति।
4. महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर व राज्य सरकार राजस्थान द्वारा निर्धारित प्रवेश नीति के नियमों की अनुपालना की जायेगी, व समय-समय पर जारी दिशा निर्देश प्रभावी होगें।
5. सभी मूल दस्तावेजों की फोटो प्रति विद्यार्थी अपने पास सुरक्षित रखे। इन्हें लौटाना कार्यालय के लिए सम्भव नहीं होगा।
6. महाविद्यालय के नियमों तथा अनुशासन की अनुपालना के प्रति अनभिज्ञता निर्दोषित का आधार नहीं होगा।
7. किसी भी कारण से सत्र के मध्य विद्यार्थी के महाविद्यालय छोड़ने की स्थिति में कोई भी जमा शुल्क नहीं लौटाया जायेगा।
8. महाविद्यालय के नियमों की पालना प्रत्येक छात्र/छात्रा का कर्तव्य हैं। किसी भी नियम विरूद्ध कृत्य, अनियमितता, अनुशासनहीनता आदि की स्थिति में प्रवेश निरस्तीकरण का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित होगा।

( स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी प्रवेश नीति के अनुसार किये जायेंगें। )

# महाविद्यालय की प्रयोगशालाएं



रसायन विज्ञान प्रयोगशाला



पुस्तकालय



भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला



कम्प्यूटर लेब



वनस्पति विज्ञान प्रयोगशाला



सेमिनार हॉल



जीव विज्ञान प्रयोगशाला



भूगोल प्रयोगशाला

# महाविद्यालय की गतिविधियां


















# SEEMA MEMORIAL MAHAVIDYALAYA

Add.- Harsore Road, Near FCI Gowadan,
PARBATSAR - 341512




www.seemamemorialcollege.org

smcpbc2020@gmail.com

Helpline- 01589-270018,9828591138,8104601743

राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त... महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त...

# सीमा मेमोरियल महाविद्यालय

( बाबा रामदेव बहुउद्देशीय शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, कुचामनसिटी द्वारा संचालित... )

हरसौर रोड़, परबतसर ( डीडवाना - कुचामन ) राज.-341512

## प्रवेश आवेदन पत्र

पासपोर्ट साइज फोटो

अनुक्रमांक- .................. कोर्स- ...................... सत्र- ....................

विद्यार्थी का नाम (हिन्दी में)- ..........................................................

(अंग्रेजी में)- ..........................................................

पिता का नाम (हिन्दी में)- ..........................................................

(अंग्रेजी में)- ..........................................................

माता का नाम (हिन्दी में)- ..........................................................

(अंग्रेजी में)- ..........................................................

डाक का पता- ..........................................................

.......................................................... पिन कोड- ................

मोबाईल नं.- 1. ...................... 2. ...................... 3. व्हाट्सएप नं.- ..................

मेल एड्रेस- ..........................................................

जन्मतिथि- (अंको में ) - ...................... शब्दों में - ..........................................

लिंग - (पुरुष / महिला) - .................... आधार न.- ..............-..............-............

श्रेणी - सामान्य / ओ.बी.सी. / अनु. जाति / अनु. जनजाति / विकलांग / अन्य

शैक्षणिक योग्यता-

| परीक्षा | वर्ष | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| सैकण्डरी | | | | | |
| सी. सै. | | | | | |
| अन्य | | | | | |

महाविद्यालय द्वारा आंवटित विषय-

अनिवार्य विषय - 1. ........................... 2. ........................... 3. ........................

वैकल्पिक विषय - 1. ........................... 2. ........................... 3. ........................

दिनांक- ....................

स्थान - .................... अभिभावक हस्ताक्षर आवेदक हस्ताक्षर

संलग्न दस्तावेज–

1. स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र एवं चरित्र प्रमाण–पत्र (मूल प्रति) ☐ 2. 12 वी अंकतालिका ☐

3. 10 वी अंकतालिका ☐ 4. मूल निवास प्रमाण पत्र ☐ 5. जाति प्रमाण पत्र ☐

6. आधार कार्ड ☐ 7. जन आधार कार्ड ☐ 8. आय प्रमाण पत्र ☐

## घोषणा

मैं ........................................................................ पुत्री/पुत्र श्री ................................................................................

निवासी ........................................ वाला/वाली शपथपूर्वक बयान करता/करती हूँ कि–

1. प्रवेश पत्र में दिये गये समस्त तथ्य गलत साबित होने पर मेरा प्रवेश रद्द कर दिया जावे तथा प्रवेश हेतु जमा शुल्क जप्त कर लिया जावे।
2. महाविद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहूँगा/रहूँगी। महाविद्यालय द्वारा आयोजित सभी प्रकार की गतिविधियों में मेरी उपस्थिति नियमित रहेगी। इसमें 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति के कारण परीक्षा में नहीं बैठने की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
3. अवकाश स्वीकृत किये बिना महाविद्यालय से अनुपस्थित नहीं रहूँगा/रहूँगी।
4. मेरे संक्रामक रोगी होने के प्रमाण में यदि मेरा प्रवेश रोका या निरस्त किया जाता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।
5. मैं प्रमाणित करता हूँ /करती हूँ कि मुझे किसी महाविद्यालय /विश्वविद्यालय की परीक्षा में बैठने से निष्कासित नहीं किया गया है और न ही मुझे पुलिस द्वारा बंदी बनाया गया और किसी न्यायालय द्वारा दण्डीत नहीं किया गया है।
6. मेरे द्वारा महाविद्यालय / महाविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता पाये जाने की स्थिति में महाविद्यालय प्रबन्धन का निर्णय मेरे लिए सर्वोपरि होगा।
7. किसी भी प्रकार के वाद–विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र महाविद्यालय परिसर–परबतसर ही रहेगा।
8. मैनें प्रवेश से पूर्व निर्देशों/विवरणिका को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है एवं इसके नियमों की पालना करूँगा/करूँगी।

अभिभावक हस्ताक्षर आवेदक हस्ताक्षर